अनुक्रमांक................................ मुद्रित पृष्ठों की संख्या: 5

नाम...

140 **334**

2025

चित्रकला (आलेखन)

समय : तीन घण्टे 15 मिनट] [पूर्णांक: 100

निर्देश :

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) तीनों खण्डों के प्रश्न अनिवार्य हैं। खण्ड (क) में वस्तुनिष्ठ प्रश्न, खण्ड (ख) में आलेखन और खण्ड (ग) में से किसी एक का चित्र बनाना है।

(iii) आलेखन में इकाइयों को कम-से-कम दो अथवा तीन आवृत्तियों में बनाइए। स्केच पेन का प्रयोग वर्जित है।

(iv) खण्ड (ग) में से किसी एक का ही चित्र बनाना है। सभी के अंक समान हैं - वस्तु- चित्रण अथवा प्रकृति-चित्रण अथवा स्मृति-चित्रण अथवा प्राकृतिक दृश्य-चित्रण।

(v) ड्राइंग शीट के ऊपरी दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक अंकों तथा शब्दों में स्पष्ट लिखिए तथा कक्ष निरीक्षक से उस पर हस्ताक्षर भी कराइए।

(vi) दिये गये पारदर्शी कागज (tracing paper) पर भी अपना अनुक्रमांक लिखिए और उसे उत्तर पत्र के साथ संलगन कीजिए।

खण्ड 'क' : वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Type Questions) 10 अंक

1. निम्नलिखित प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के चार विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिए और उत्तर-पुस्तिका में क्रमानुसार स्पष्ट लिखिए -

(i) पंचमढ़ी गुफा चित्र किस प्रदेश में स्थित है?

(अ) मध्य प्रदेश (ब) उत्तर प्रदेश

(स) महाराष्ट्र (द) उत्तरांचल।

modelpaper.info

(ii) तैल माध्यम के चित्रण में किस तेल का प्रयोग किया जाता है?

(अ) नारियल का तेल (ब) सरसों का तेल

(स) तारपीन का तेल (द) इनमें से कोई नहीं।

(iii) निम्नलिखित में से कौन-सा आकार आलेखन के लिये उपयुक्त नहीं है?

(अ) वृत्त (ब) वर्ग (स) त्रिकोण (द) कोण।

(iv) किस पुरातन ग्रन्थ में भारतीय चित्रकला के छः मुख्य अंगों की चर्चा की है?

(अ) भारतीय कला का इतिहास (ब) मेघदूतम्

(स) कामसूत्र (द) भारतीय कला के छः अंग।

(v) निम्नलिखित में से कौन-सा रंग इन्द्रधनुष का रंग नहीं है?

(अ) नीला (ब) नारंगी (स) भूरा (द) लाल।

(vi) लाल रंग में कौन-सा रंग मिलाया जाय कि वह नारंगी हो जाय?

(अ) हरा (ब) नीला (स) पीला (द) काला।

(vii) सरल रेखा क्या है?

(अ) पैमाने से खींची जाने वाली रेखा

(ब) दो बिन्दुओं के बीच की दूरी को मिलाने वाली रेखा

(स) आकृति बनाने वाली रेखा

(द) चित्र बनाने वाली रेखा।

(viii) खजुराहो के विख्यात मन्दिर किस प्रांत में स्थित हैं?

(अ) उत्तर प्रदेश (ब) महाराष्ट्र (स) मध्य प्रदेश (द) गुजरात।

(ix) रंग माध्यम में सबसे पारदर्शी कौन-सा रंग है?

modelpaper.info

(अ)) तैल रंग (ब) पोस्टर रंग (स) पैस्टेल रंग (द) जलरंग

(x) निम्नलिखित में से ठण्डा रंग कौन-सा है?

(अ) पीला (ब) लाल (स) काला (द) नीला।

खण्ड 'ख' : आलेखन (Design) (अनिवार्य) 60 अंक

2. साड़ी के पल्लू या आँचल के उपयुक्त एक सुन्दर आलेखन बनाइये। आलेखन की रूप-रचना एक 20 संमी × 15 सेमी के आयत में कीजिए। इसके आन्तरिक भागों को सुन्दरता से विभाजित करें। आलेखन कमल के फूल, पत्तियों, कलियों तथा यथास्थान कम से कम एक सुन्दर पशु अथवा पक्षी पर आधारित हो। आलेखन प्राकृतिक या आलंकारिक हो सकता है। इसे तीन रंगों में सुन्दर संगति के साथ पूर्ण कीजिए। रंग व्यवस्था आकर्षक एवं नेत्र रंजक होनी चाहिये।

अथवा

20 सेमी लम्बा एक सुन्दर आकृति के फूलदान का रूप बनाइये, जिसके बीच की चौड़ाई या व्यास 15 सेमी होनी चाहिये। फूलदान के आन्तरिक भागों को सुन्दरता से विभाजित करें तथा इसको किसी भारतीय पुष्प, पत्तियों एवं कलियों पर आधारित सुन्दर आलेखन से सुसज्जित करें जिसमें कम- से-कम एक पशु अथवा पक्षी का समावेश हो। आलेखन आलंकारिक होना चाहिये तथा तीन सहयोगी रंगों में सुन्दर संगति के साथ पूर्ण कीजिए। रंग व्यवस्था आकर्षक तथा चमकदार होनी चाहिए।

निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दीजिए-

(क) इकाइयों की मौलिकता एवं पुनरावृत्ति। 12

(ख) लयात्मक रेखांकन। 12

(ग) उत्तम संगति एवं रंग योजना। 24

(घ) सामान्य प्रभाव एवं आकर्षण। 12

खण्ड 'ग'

किसी एक का चित्र बनाना है।

प्रकृति-चित्रण 30 अंक

3. केन्द्र द्वारा दिये गये ड्राइंग कागज पर अपने सामने रखे हुए पुष्प-पौधे में से कम से कम एक पुष्प, एक कली, तीन-चार पत्तियाँ एवं पौधे की टहनी का प्राकृतिक चित्रण इस प्रकार करें कि उसमें टहनियों के निकास कोण, रंग एवं रेशे उचित ढंग से चित्रित हुए दिखाई दें। चित्र को जल-रंगों द्वारा पूर्ण कीजिए। प्रकृति चित्रण स्मृति से न बनायें। चित्र का आकार 20 सेमी से कम न हो। पुष्प की ताजगी एवं रंग और पत्तियों के एवं कलियों के रंग प्राकृतिक रूप से हू-ब-हू दिखाने का प्रयास कीजिए।

निम्नलिखित बिन्दुओं को ध्यान में रखिये :

(क) पौधे का उचित आकार एवं प्रकृतिक विन्यास 10

(ख) पारदर्शी एवं आकर्षक रंग-योजना। 15

(ग) प्राकृतिक सौष्ठव एवं निकास कोण। 05

अथवा

स्मृति-चित्रण

दिये गये ड्राइंग शीट पर अपनी स्मृति से निम्नलिखित में से किसी एक का छाया, प्रकाश तथा प्रतिच्छाया युक्त चित्र पेन्सिल (एच बी, 1 बी, 2 बी, 3 बी) अथवा चारकोल से बनाइये। चित्र की माप लगभग 15 सेमी हो।

modelpaper.info

(क) एक प्लेट में दो केले

(ख) सूटकेस

(ग) हाथी

(घ) इंटों के ऊपर एक भगोना। 30

अथवा

प्राकृतिक दृश्य-चित्रण

दिये गये ड्राइंग शीट पर 20 सेमी 15 सेमी के आयत में निम्नलिखित में से किसी एक का दृश्य- चित्रण तैयार कीजिए। चित्रांकन का माध्यम जलरंग, पोस्टर रंग या और कोई माध्यम हो सकता है।

दृश्य-चित्रण के माध्यम का चुनाव एवं संयोजन सुन्दर एवं आकर्षक होना चाहिए:

(i) नदी किनारे का दृश्य।

(ii) खेत में कार्य करती स्त्रियों।

(iii) ग्रामीण दृश्य में कुछ वृक्ष एवं झोपड़ी।

चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बातों पर विशेष ध्यान दीजिए:

क) सही दृश्यांकन एवं परिप्रेक्ष्य। 10

ख) उपयुक्त संयोजन। 5

ग) सुसंगत रंगों का उपयुक्त चयन एवं प्रयोग। 10

घ) वातावरण का सही दृश्यांकन। 5

modelpaper.info